कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.04.2025

# शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग एवं लक्ष्य फाउंडेशन, बैंगलुरु के मध्य हुआ एमओयू

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग एवं लक्ष्य फाउंडेशन, बैंगलुरु के मध्य कौशल विकास प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सहायता हेतु एक महत्वपूर्ण एमओयू संपन्न हुआ। यह एमओयू महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं लक्ष्य फाउंडेशन की प्रोजेक्ट मैनेजर (छत्तीसगढ़) श्रीमती प्रभुजीत कौर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते का उद्देश्य छात्राओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कॉर्पोरेट जगत के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के साक्षी रहे श्री हिमांशु साहू, प्लेसमेंट मैनेजर (छत्तीसगढ़), एवं डॉ. रेशमा लाकेश, जिन्होंने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

लक्ष्य फाउंडेशन के अंतर्गत छात्राओं को संवाद कौशल, आत्म-प्रस्तुतीकरण, साक्षात्कार की तैयारी, और अन्य व्यावसायिक दक्षताओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्राओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह एमओयू छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लक्ष्य फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए आशा जताई कि छात्राएं इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएंगी।




(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग